दिनांक 22.08.2026 को कार्यकारी निदेशक (परियोजना), बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, पटना, की अध्यक्षता में औद्योगिक क्षेत्र, मोतीपुर में बियाडा के मेगा फूड पार्क के लिए 100 KLD STP के सभी इलेक्ट्रो मैकेनिकल उपकरणों का डिज़ाइन, निर्माण, परीक्षण, कमीशनिंग एवं आपूर्ति कार्य के निविदा के तकनीकी बीड पर विचार करने हेतु निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

---

## सदस्य उपस्थित :-

I. कार्यकारी निदेशक (परियोजना), बियाडा पटना।

II. उप-महाप्रबंधक, तकनीकी, बियाडा पटना।

III. उप-महाप्रबंधक, तकनीकी, बियाडा पटना।

IV. उप-महाप्रबंधक,वित्त बियाडा पटना।

V. प्रबंधक, तकनीकी बियाडा पटना।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम | : औद्योगिक क्षेत्र, मोतीपुर में बियाडा के मेगा फूड पार्क के लिए 100 KLD STP के सभी इलेक्ट्रो मैकेनिकल उपकरणों का डिज़ाइन, निर्माण, परीक्षण, कमीशनिंग एवं आपूर्ति कार्य |
| 2. | योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | : रू0 72,00,000/- मात्र |
| 3. | योजना की तकनीकी स्वीकृति की राशि | : रू0 64,86,105/- मात्र |
| 4. | परिमाण विपत्र की कुल राशि | : रू0 64,86,105/- मात्र |
| 5. | निविदा सूचना संख्या | : 16/BIADA/2026-2027 |
| 6. | निविदा आमंत्रण की तिथि | : 28.07.2026 |
| 7. | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि | : 17.08.2026 |
| 8. | तकनीकी बीड खोलने की तिथि | : 18.08.2026 |
| 9. | निविदा प्रसारण का माध्यम | : ई-निविदा एवं दैनिक जागरण समाचार पत्र |
| 10. | प्रकाशन का पी0आर0 सं0 | : 008983 (B&C) 2026-27 |

11. निविदा में भाग लेने वाले निविदाकार का नाम एवं पता :-

(1) M/s R. P. Global Projects, B-10, Sector-2, Noida, Uttar Pradesh-201301

(2) M/s Bimal Water Solutions Private Limited, D-64, 1st Floor, Sector-10, Noida, Uttar Pradesh-201301

(3) M/s Right Water Purification Pvt. Limited, Ward No 30, Kankarbagh -800020

<u>निविदा समिति की कार्यवाही</u> –

औद्योगिक क्षेत्र, मोतीपुर में बियाडा के मेगा फूड पार्क के लिए 100 KLD STP के सभी इलेक्ट्रो मैकेनिकल उपकरणों का डिज़ाइन, निर्माण, परीक्षण, कमीशनिंग एवं आपूर्ति कार्य के लिए निविदा (NIT-16/BIADA/2026-27 दिनांक-28.07.2026) के माध्यम से की गई, जिसमें तीन निविदादाताओं ने भाग लिया। निविदा समिति के सदस्यों के द्वारा तीनों निविदादाताओं के तकनीकी बीड के अभिलेखों का जाँच किया गया।

अभिलेखों के जाँच के क्रम में पाया गया कि निविदादाता यथाक्रमांक (3) M/s Right Water Purification Pvt. Limited, Ward No 30, Kankarbagh-800020 द्वारा निविदा में वांछित कार्य पूर्णता का प्रमाणपत्र समर्पित नहीं किया गया है, जिसके कारण इन्हें निविदा समिति द्वारा अयोग्य पाया गया। जांचोपरांत निम्न तथ्य पाया गया –

1. **निविदादाता M/s R P Global Projects –**
   NIT, Technical Bid Sheet एवं F2 के सभी अहर्त्ताओं को पूर्ण करते है।
2. **निविदादाता M/s Bimal Water Solutions Private Limited –**
   NIT, Technical Bid Sheet एवं F2 के सभी अहर्त्ताओं को पूर्ण करते है।
3. **निविदादाता M/s Right Water Purification Pvt Limited –**
   NIT, Technical Bid Sheet एवं F2 के सभी अहर्त्ताओं को पूर्ण नहीं करते है।

अतः इस निविदा में सम्मिलित 03 निविदादाताओं में से दो निविदादाताओं यथाक्रमांक (1) M/s R. P. Global Projects, B-10, Sector-2, Noida, Uttar Pradesh-201301 एवं (2) M/s Bimal Water Solutions Private Limited, D-64, 1st Floor, Sector-10, Noida, Uttar Pradesh-201301 को तकनीकी बीड में Responsive पाया गया तथा एक निविदादाता यथाक्रमांक (3) M/s Right Water Purification Pvt. Limited, Ward No 30, Kankarbagh -800020 को तकनीकी बीड में Non-Responsive पाया गया।

उपरोक्त तथ्यों एवं वस्तुस्थिति के आलोक में निविदा समिति सर्वसम्मति से तकनीकी बीड में Responsive दो निविदादाताओं यथाक्रमांक (1) M/s R. P. Global Projects, B-10, Sector-2, Noida, Uttar Pradesh-201301 एवं (2) M/s Bimal Water Solutions Private Limited, D-64, 1st Floor, Sector-10, Noida, Uttar Pradesh-201301 को तकनीकी बीड में सफल मानती है तथा Non-Responsive एक निविदादाता यथाक्रमांक (3) M/s Right Water Purification Pvt. Limited, Ward No 30, Kankarbagh -800020 को तकनीकी बीड में असफल मानती है

**निविदा समिति की निर्णय –**

निविदा समिति के द्वारा यह निर्णय लिया गया कि तकनीकी बीड की इस कार्यवाही को प्राधिकार के वेबसाइट पर 03 दिनों के लिए अपलोड किया जाय। किसी प्रकार की परिवाद प्राप्त होने की स्थिति में निविदा समिति बैठक कर परिवाद का निस्तार करेगी, यदि किसी प्रकार का परिवाद प्राप्त नहीं होता है तो वैसी स्थिति में तकनीकी रूप से सफल निविदादाताओं का वित्तीय बीड खोलकर निविदा पर अग्रेतर कार्रवाई करने की अनुशंसा करती है।

22/08/26
प्रबंधक, तकनीकी
बियाडा, पटना

22/8/26
उप–महाप्रबंधक, तकनीकी
(नार्थ)
बियाडा, पटना

22/8/2026
उप–महाप्रबंधक, तकनीकी
(साउथ)
बियाडा, पटना

22/08/26
उप–महाप्रबंधक, वित्त
बियाडा, पटना

22/8/2026
कार्यकारी निदेशक (परियोजना)
बियाडा, पटना।